ईरानी राष्ट्रपति ने युद्ध खत्म करने के लिए रखीं 3 कड़ी शर्तें

# ‘भविष्य की पक्की अंतरराष्ट्रीय गारंटी और नुकसान का चाहिए हर्जाना’

## जंग के बीच पेजेशकियन ने युद्ध विराम को लेकर तोड़ी चुप्पी

एजेंसी ▶▶| तेहरान

अमेरिका और इजरायल के साथ जारी भीषण जंग के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पहली बार युद्ध विराम को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए साफ किया है कि तेहरान तीन मुख्य शर्तों पर ही लड़ाई रोकने को तैयार है। ईरान की पहली शर्त है कि उसके वैध अधिकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाए। दूसरी शर्त में युद्ध के दौरान हुए भारी नुकसान के लिए हर्जाना मांगा गया है और तीसरी शर्त के रूप में भविष्य में किसी भी हमले के खिलाफ पक्की अंतरराष्ट्रीय गारंटी की मांग की गई है। पेजेशकियन का कहना है कि अगर इन मांगों को मान लिया जाता है तो क्षेत्र में शांति की बहाली संभव है।

**जंग की शुरुआत और भारी तबाही**

यह खूनी संघर्ष 28 फरवरी को तब शुरू हुआ था जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त हमला किया था। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक इस युद्ध ने अब तक भयानक तबाही मचाई है जिसमें 1200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 10 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के कई शहरों पर मिसाइलों और ड्रोन्स की बारिश कर दी है। सिर्फ इजरायल ही नही बल्कि जॉर्डन और इराक जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी ईरान ने अपना निशाना बनाया है जिससे पूरे मध्य पूर्व में तनाव चरम पर पहुंच गया है।



**ग्लोबल इकोनॉमी पर पड़ता असर**

इस युद्ध की आग सिर्फ सीमाओं तक सीमित नही है बल्कि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते में तनाव बढ़ने से तेल और गैस की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। तेल टैंकरों की आवाजाही रुकने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगी हैं जिससे ग्लोबल मार्केट में महंगाई बढ़ने का डर पैदा हो गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर यह तनाव जल्द कम नही हुआ तो ऊर्जा संकट और गहरा सकता है जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

### कूटनीतिक हल की कोशिशें तेज

ईरान के राष्ट्रपति ने रूस और पाकिस्तान जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों के नेताओं से बात कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कोशिश शुरू कर दी है। उनका आरोप है कि मौजूदा संकट के लिए सीधे तौर पर अमेरिका और ‘जायोनी शासन’ यानी इजरायल जिम्मेदार हैं और उन्हें अपनी कार्रवाई के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। हालांकि युद्ध के दूसरे हफ्ते में भी फिलहाल तनाव कम होने के कोई ठोस संकेत नही दिख रहे हैं। अब देखना यह होगा कि क्या अमेरिका और इजरायल ईरान की इन शर्तों पर गौर करते हैं या यह जंग और भी भयानक रूप अख्तियार कर लेती है।

स्पीकर ने बीच में रोका एलओपी को, पुरी के बोलने पर लगे एपस्टीन के नारे

# ‘पेट्रोलियम मंत्री ने एपस्टीन को दोस्त कहा था’ राहुल के बयान से लोकसभा में हंगामा

अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद भी जारी है बिरला और विपक्ष की खींचतान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद भले ही सदन की कार्यवाही का संचालन करने चेयर पर लौट आए हों, लेकिन विपक्ष और उनकी खींचतान जारी है। गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मिडिल ईस्ट संकट के चलते देश में खड़ी हुई एलपीजी सिलेंडर की समस्या पर बोल रहे थे, इसी दौरान उन्होंने एपस्टीन पर बोलना शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने कहा, ‘मैंने पहेली सुलझा ली है और पहेली समझौते के बारे में है। हमारे यहां एक सज्जन बैठे हैं जो ऑइल मंत्री हैं। उन्होंने खुद कहा है कि वह मिस्टर एपस्टीन के दोस्त हैं।’ राहुल के यह बोलते ही स्पीकर ने उन्हें रोकते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी को बोलने की अनुमति दी। पुरी ने जैसे ही बोलना शुरू किया, विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे, एपस्टीन-एपस्टीन के नारे लगाने लगे।

### यह कहा बिरला ने

पुरी के बयान के बाद बिरला ने कहा कि विपक्ष के नेता ने एलपीजी की कमी के मुद्दे पर नोटिस दिया था। नोटिस मेरे हाथ में है, मैंने उन्हें इस पर बोलने की अनुमति दी। वित्त विधेयक पर चर्चा रोककर बीच में मौका दिया। प्रतिपक्ष का जिम्मेदार नेता होने के बावजूद इस तरह का आचरण ठीक नहीं है। नोटिस किस बात का देते हो और किस बात पर बोलते हो।यह तरीका ठीक नहीं है। अगर आपको आरोप लगाना है किसी पर तो नियम 353 के तहत नोटिस दीजिए, अगर मैं अलाउ करता हूं, तब बोलो, सदन नियमों से चलेगा, ऐसे नहीं चलेगा।’

### मौजूदा संकट पर यह कहा नेता विपक्ष ने

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, ‘हर देश की नींव उसकी एनर्जी सिक्योरिटी होती है। अमेरिका को यह तय करने की इजाज़त देना कि हम किससे तेल खरीदें, किससे गैस खरीदें और हम रूस से तेल खरीद सकते हैं या नहीं, अलग-अलग तेल सप्लायर के साथ हमारे रिश्ते हम तय कर सकते हैं। भारत जितना बड़ा देश किसी दूसरे देश को, किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति को हमें रूसी तेल खरीदने की इजाजत देने की इजाजत क्यों देगा, यह तय करने की इजाजत क्यों देगा कि हमारे रिश्ते किसके साथ हैं।’

### सबसे गंभीर ग्लोबल एनर्जी संकट से गुजर रहा भारत

लोकसभा में, केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ‘यह अफवाह फैलाने या झूठी बातें करने का समय नहीं है। भारत इतिहास में सबसे गंभीर ग्लोबल एनर्जी संकट से गुजर रहा है। फलों की सप्लाई हो रही है, घरों और खेतों के लिए गैस को प्राथमिकता दी जा रही है, एलपीजी का प्रोडक्शन 28% बढ़ा दिया गया हैभारत को एनर्जी वॉरियर्स के पीछे, संकट को मैनेज करने वाली संस्था के पीछे, और देश के हितों के पीछे एकजुट होना चाहिए।’

**किसने क्या कहा**

### राहुल को बोलने नहीं दिया गया : कांग्रेस

कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा कि राहुल यदे-कानून, नियम के अनुसार गैस की कमी के मुद्दे को उठाना चाहते थे। वो उस मुद्दे को ही उठा रहे थे और अपनी बात को कहना चाह रहे थे। लेकिन उनको बोलने नहीं दिया गया, बीच में ही रोक दिया गया। अगर वो भी अपनी बात पूरी तरह से नहीं रख सकते हैं तो आखिर फिर कौन बोलेगा?

### स्पीकर के निर्देशों का उल्लंघन किया : गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि एक बार एक फिल्म आई थी जिसका नाम था ‘हम नहीं सुधरेंगे’। राहुल गांधी उस फिल्म के एक कैरेक्टर लगते हैं। एलओपी ने एलपीजी पर बोलने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन इसके बजाय उन्होंने स्पीकर के निर्देशों का उल्लंघन किया। क्या यह संसद नियमों से चलती है, या यह कांग्रेस पार्टी का ऑफिस है जहां कुछ भी चलता है?

नए आरोप लगाकर शुरू कर दी है व्यापार जांच

# इधर, ट्रंप ने की टैरिफ अटैक की तैयारी निशाने पर भारत-चीन समेत 16 देश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक ओर अमेरिका ईरान के साथ भीषण युद्ध लड़ रहा है, तो दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तमाम देशों पर नया टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी भी कर ली है। ट्रंप प्रशासन ने अपने 16 व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ औद्योगिक क्षमता की अधिकता के आरोप में नई व्यापार जांच शुरू कर दी है और ऐसा माना जा रहा है कि अमेरिका का ये कदम अंततः नए आयात शुल्क लग सकते हैं। ट्रंप की लिस्ट में भारत, चीन समेत कई अन्य अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन ये ट्रेड जांच 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 301 के तहत शुरू कर रहा है। इस जांच का उद्देश्य व्यापारिक साझेदारों को नया झटका देना बताया जा रहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने इस धारा के तहत दो अलग-अलग जांचों का ऐलान किया है।

**ट्रंप ने बनाया नया प्लान :** रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा है कि नीति वही रहेगी, हालांकि अदालतों के फैसलों और अन्य चीजों के आधार पर उपायों में बदलाव हो सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा लक्ष्य अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करना है। ग्रीर ने कहा कि यह दोहरी जांच उन देशों पर केंद्रित होगी, जहां विनिर्माण उत्पादन वास्तविक मार्केट डिमांड से अलग नजर आता है।

### दो अलग-अलग जांच में क्या?

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू की गई दो अलग-अलग जांचों में से एक जांच में भारत, चीन समेत अन्य प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के बीच अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता की जांच की जाएगी। मतलब ट्रंप को लगता है कि अमेरिका के कई बड़े व्यापारिक साझेदारों ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता जरूरत से ज्यादा बढ़ाया है, जो अमेरिका के लिए ठीक नहीं है। वहीं अमेरिका की दूसरी जांच जबरन लेबर का उपयोग करके कथित रूप से उत्पादित वस्तुओं पर केंद्रित होगी।

### ट्रंप के निशाने पर ये देश

ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट में टैरिफ पर मिली हार के बाद भी कई ग्लोबल टैरिफ लगाने समेत कई कदम उठाए थे और अब अपने टैरिफ प्लान के तहत ये ऐलान किया है। अमेरिका की इस जांच से निशाने पर प्रमुख तौर पर भारत और चीन के अलावा, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, ताइवान, वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे हैं।

**खबर संक्षेप**

### मूसेवाला हत्याकांड में दो आरोपियों को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दो नामजद आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी है। यह राहत पवन बिश्नोई और जगतार सिंह मूसा को मिली है, जो शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी हैं। सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को मानसा जिले के जवाहरके गांव में गोली मारकर की गई थी। दोनों पंजाब की गोबिंदगढ़ जेल में बंद थे।

### बीएसएफ डीआईजी के काफिले पर हमला



**शिलांग।** मेघालय के गारो हिल्स क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डीआईजी के काफिले में शामिल एक वाहन को कुछ लोगों ने आग लगा दी और बीएसएफ के जवानों पर हमला किया जिसमें वे घायल हो गए। घटना बुधवार शाम को उस समय हुई जब वे तुरा कस्बे में बैठक से लौट रहे थे।

### रवि ने ली बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को कोलकाता स्थित लोकभवन में 22वें राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें सॉजय पॉल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य की सीएण ममता बनर्जी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। यहां के लोकभवन में समारोह सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ।

# मप्र-छग और राजस्थान के 70 से ज्यादा विधायक होंगे शामिल

भोपाल में 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के विधान परिषद भवन में 30 और 31 मार्च को युवा विधायक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवा विधायकों के प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें विधायकों को नीति निर्माण, स्थानीय प्रशासनिक कार्य और संसदीय कार्यशैली के बारे में गहन जानकारी मिलने का मौका मिलेगा।

विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन में तीनों राज्यों के लगभग 70 से 80 युवा विधायक भाग लेंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आने वाले विधायकों की लिस्ट पहले ही मांगी जा चुकी है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी विधायक 45 वर्ष से कम उम्र के होंगे, ताकि युवा प्रतिनिधियों के बीच विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान हो सके।

### लोकसभा अध्यक्ष सहित कई हस्तियां हो सकतीं हैं शामिल

*सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्षों को भी विशेष आमंत्रण भेजा गया है। आयोजकों का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति सम्मेलन को अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिहाज से महत्वपूर्ण बनाएगी। कार्यक्रम स्थल, बैठकों का शेड्यूल और प्रतिभागियों के आवागमन की योजना पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में सत्र, परिचर्चा और अनुभव साझा करने वाले कार्यक्रम होंगे।*

कंटेट पाइरेसी

# टेलीग्राम को हटाने होंगे 3 हजार चैनल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने के लिए 3,100 से अधिक चैनल डीएक्टिवेट करने का निर्देश दिया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने पाया कि कुछ कंटेंट मालिकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म और प्रोड्यूसर के मालिकाना हक वाले या लाइसेंस वाले प्रोग्राम बिना कानूनी इजाजत के इन चैनलों पर शेयर और बांटे जा रहे थे। मंत्रालय की ओर से जारी एक नोटिफिकेशन में जॉइंट सेक्रेटरी सी. सेंथिल राजन ने कहा कि यह कंटेंट कॉपीराइट एक्ट, 1957 के अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करके प्लेटफॉर्म पर अपलोड और ब्रॉडकास्ट किया जा रहा था।



केंद्र सरकार ने भेजा नोटिस

### इन्होंने की थी शिकायत

खबर है कि यह नोटिस जियो सिनेमा और अमेजन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की शिकायतों के बाद जारी किया गया है। ये कदम भारत के कॉपीराइट एक्ट, 1957 के उल्लंघन की वजह से उठाए गए थे। यह कानून क्रिएटर्स, प्रोड्यूसर्स और कंपनियों को उनकी फिल्मों, शो, म्यूजिक और दूसरे कंटेंट के बिना इजाजत इस्तेमाल से बचाता है।

फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग करने वाले शख्स ने पुलिस कस्टडी में किया खुलासा

# ‘मैंने अपनी मर्जी से गोली चलाई, बीस सालों से फारूक को मारना चाहता था’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी कमल सिंह ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी कमल सिंह ने कहा, ‘मैंने किसी के कहने पर गोली नहीं चलाई। मैंने अपनी मर्जी से गोली चलाई।’ हमलावर कमल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। हमलावर को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने यह बातें उस वक्त कहीं, जब जम्मू-कश्मीर पुलिस उसको मेडिकल के लिए ले जा रही थी। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार शाम को एक शादी समारोह में ‘जानलेवा हमला’ हुआ था। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। दोनों इस हमले में बाल-बाल बच गए।

### मुझे लगा था कि यह पटाखा है : फारूक

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारुक ने गुरुवार को कहा- मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया और नुकसान होने से बच गया। फारुक ने बताया, वो हमला करने वाले शख्स को नहीं जानते। उन्होंने कहा कि जिस शख्स ने गोली चलाई, उसके बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। उनके बेटे और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अल्लाह का शुक्र है कि मेरे पिता बाल-बाल बच गए।

अप्रैल के आखिरी हफ्ते से मिलेंगे लाइन परमिट

# उत्तराखंड में आदि-कैलाश यात्रा 1 मई से होगी शुरू

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा का इंतजार खत्म होने वाला है। प्रशासन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और यदि मौसम ने साथ दिया, तो अप्रैल के आखिरी सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे। पिछले साल यहां 30,000 से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में इस साल बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की उम्मीद है। आदि कैलाश पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में व्यास घाटी में स्थित है। नवंबर से मार्च तक यहां बर्फबारी के कारण आवागमन बंद रहता है, जिससे यह यात्रा पहले से ही महत्वपूर्ण हो जाती है।



### श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या

*पिछले कुछ वर्षों में आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी आई है। 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे के बाद इस धार्मिक स्थल को नई पहचान मिली थी। उनके दौरे के बाद से यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने यहां पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को भी उत्साहित किया।*

### परमिट के लिए आसान प्रक्रिया

यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट अनिवार्य है, जो तहसील प्रशासन द्वारा जारी किया जाता है। पिथौरागढ़ के डीएम आशीष भटगांई ने बताया कि जल्द ही आधिकारिक सूचना जारी की जाएगी। श्रद्धालु अपना परमिट ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरीकों से ले सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है। प्रशासन की इस पहल से यात्रा का अनुभव और भी आसान बनेगा।

### आदि कैलाश का महत्व

कैलाश पर्वत तिब्बत में है और वहां जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत होती है। लेकिन आदि कैलाश, जिसे ‘छोटा कैलाश’ भी कहा जाता है, भारत-तिब्बत सीमा के पास स्थित है। धार्मिक मान्यता अनुसार, भगवान शिव माता पार्वती के साथ यहां कुछ समय बिताए थे। पार्वती सरोवर और गौरी कुंड यहां के प्रमुख स्थलों में हैं, जहां पर श्रद्धालु प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकते हैं।

### यात्रा की चुनौतियां

आदि कैलाश यात्रा के लिए बहुत सारी तैयारियों की आवश्यकता होती है। यह क्षेत्र सीमावर्ती और ऊंचाई वाला होने के कारण यहां जाने के लिए विशेष परमिट, मेडिकल जांच और पुलिस सत्यापन की जरूरत होती है। यात्रा के लिए हल्द्वानी या टनकपुर से पिथौरागढ़ होते हुए धारचूला पहुंचना पड़ता है।

# ‘ड्यूटी के दौरान शहीद हुए लोगों का सम्मान करें’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई देहरादून में वॉर मेमोरियल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद हुए लोगों का सम्मान करें। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आपको वॉर मेमोरियल के निर्माण से आपको क्या दिक्कत हहो रही है। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जनवरी में सुनाए गए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा थी। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने जनवरी में एक पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देहरादून जिले में जिस जमीन पर वॉर मेमोरियल ‘सैन्य धाम’ बनाया जाना था, वह फॉरेस्ट लैंड है और इसलिए उस पर कंस्ट्रक्शन के लिए इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

### शो कॉज नोटिस जारी करेंगे

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को इस पिटीशन को बहुत ज्यादा कॉस्ट लगाकर खारिज कर देना चाहिए था। सीजेआई ने कहा कि हम उसे (पिटीशनर) शो कॉज नोटिस जारी करेंगे। उसे आकर बताने दें और हम इस बात की जांच करेंगे कि वह किसके कहने पर यह पिटीशन फाइल कर रहा है।

